नाम: ........................          अनुक्रमांक: ........................

B

# वार्षिक परीक्षा–2026

## सामान्य हिन्दी

समय : 3 घण्टे 15 मिनट          कक्षा–11          [पूर्णांक : 100

---

निर्देश–(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।
(ii) इस प्रश्न–पत्र में दो खण्ड हैं, दोनों खण्डों के प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।

1. नीचे दिये गये विकल्प में सही विकल्प का चयनकर उत्तर–पुस्तिका के लिखिए–

(क) "लल्लूलाल" की रचना है– **1**

(a) प्रेमसागर

(b) रामचरित

(c) रानी केतकी की कहानी

(ख) हिन्दी गद्य की विधा नहीं है– **1**

(a) कहानी

(b) नाटक

(c) आलोचना

(d) खण्डकाव्य।

(ग) 'बेइमान की परत' के रचनाकार हैं– **1**

(a) कन्हैयालाल मिश्र 'प्रभाकर'

(b) मोहन–राकेश

(c) हरिशंकर परसाई

(d) प्रेमचंद।

(घ) किन्नर देश किस विधा की रचना है– **1**

(a) आत्मकथा

(b) यात्रावृत्त

(c) रिपोर्ताज

(d) संस्मरण

2. नीचे दिये गये विकल्प में सही विकल्प का चयनकर उत्तर–पुस्तिका के लिखिए–

(क) 'महादेवी वर्मा' की रचना है– **1**

(a) यशोधरा

(b) युगवाणी

(c) स्मृति की रेखाएँ

(d) राम की शक्ति पूजा

(ख) तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की– **1**

(a) ब्रजभाषा

(b) अवधी

(c) भोजपुरी में

(d) खड़ी बोली में

(ग) 'कामायनी' की विधा है– **1**

(a) महाकाव्य

(b) नाटक

(c) उपन्यास

(d) कहानी

(घ) रीतिबद्ध काव्य के कवि हैं– **1**

(a) बिहारी

(b) भिखारीदास

(c) माखनलाल चतुर्वेदी

(d) ठाकुर

3. नीचे दिये गये विकल्प में सही विकल्प का चयनकर उत्तर–पुस्तिका के लिखिए–
(क) सड़क हादसों से बचने के लिए क्या आवश्यक है– **1**

(a) अच्छा वाहन

(b) अच्छी सड़क

(c) अच्छा चालक

(d) यातायात–नियमों का पालन करना

(ख) यातायात के नियम हैं– **1**

(a) वाहन रुकते समय उपयुक्त संकेत अवश्य दें।

(b) किसी भी प्रकार के नशे की अवस्था में वाहन न चलायें।

(c) वाहन सदैव अपनी पंक्ति में चलायें

(d) उपर्युक्त सभी।

4. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए– $2 \times 5 = 10$

प्रकृति का उपयोग निकृष्ट कोटि के काव्य में कामोद्दीपन के लिए किया जाता है। परन्तु वह शान्तरस का भी उद्दीपन करता है। अध्यापक का कर्तव्य है कि छात्र में सौन्दर्य के प्रति प्रेम उत्पन्न करें। जहाँ तक यह भाव रहता है, कि मैं इसका अमुक प्रकार के प्रयोग करूँ, वहाँ तक उसके सौन्दर्य की अनुभूति नहीं होती। सौन्दर्य के प्रत्यक्ष का स्वरूप तो यह है कि द्रष्टा अपने को भूलकर तन्मय हो जाए।

(क) प्रस्तुत गद्यांश में किसके महत्व को स्पष्ट किया गया है ?
(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ग) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(घ) लेखक के अनुसार अध्यापक का क्या कर्तव्य है?
(ङ) गद्यांश की भाषा–शैली व्यक्त कीजिए।

अथवा

संयमन का उपदेश हमारे ऋषि–मुनि देते आए हैं। किन्तु इसके बुरे नतीजे भी हमारे सामने हैं–बड़े–बड़े तपस्वियों की लम्बी–लम्बी तपस्याएँ एक रम्भा, एक मेनका, एक उर्वशी की मुस्कान पर स्खलित हो गईं। आज भी देखिए गांधी जी के तीस वर्ष के उपदेशों और आदेशों पर चलने वाले हम तपस्वी किस तरह दिन–दिन नीचे गिरते जा रहे हैं। इसलिए उपाय एक मात्र है–वृत्तियों के उन्नयन का।

(क) पाठ का शीर्षक और लेखक का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(ग) प्रस्तुत गद्यांश किस प्रसंग पर आधारित है?
(घ) इन्द्रियों के संयमन के विषय में लेखक ने क्या कहा है?
(ङ) गांधी जी के आदर्शों और उनके अनुयायियों के सन्दर्भ में लेखक क्या कहते हैं?

5. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– $2 \times 5 = 10$

अजौं तरयौना ही रह्यो, श्रुति सेवत इक रंग।
नाक वास बेसरि लह्यो, बसि मुकतनु के संग।।

(क) कविता का शीर्षक व कवि का नाम लिखिए।
(ख) प्रस्तुत दोहे के अनुसार आज तक भी किसका उद्धार नहीं हो सका?
(ग) इन पंक्तियों में कौन–सा छन्द है?
(घ) सत्संगति की महिमा का वर्ण– करते हुए बिहारी कवि क्या कहते हैं?
(ङ) बिहारी कवि के अनुसार मूर्ख व्यक्ति ने क्या और कैसे प्राप्त कर लिया?

अथवा

भुज भुजगेस की वै संगिनी भुजंगिनी–सी,
खेदि–खेदि खाती दीह दारून दलन के।
बखतर पाखरन बीच धँसि जाति मीन,
पैरि पार जात परवाह ज्यों जलन के।
रैयाराव चंपति के छत्रसाल महाराज,
भूषन सकै करि बखान को वलन के।
पच्छी पर छीने ऐसे परे पर छीने वीर,
तेरी बरछी ने वर छीने हैं खलन के।।

(क) कविता का शीर्षक और कवि का नाम लिखिए।
(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) 'छत्रसाल की तलवार' उनके साथ किस प्रकार रहती है?
(घ) 'छत्रसाल की तलवार' कहाँ और किस प्रकार प्रवेश कर जाती है?
(ङ) 'तेरी बरछी ने वर छीने हैं खलन के' में कौन सा अलंकार है?

6. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक–परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए (शब्द सीमा 80 शब्द) $\mathbf{3+2=5}$

(a) सरदार पूर्णसिंह

(b) राहुल सांकृत्यायन

(c) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक–परिचय देते हुए उनकी महत्वपूर्ण रचनाएँ लिखिए (शब्द सीमा 80 शब्द) $\mathbf{3+2=5}$

(a) कबीरदास

(b) महाकवि भूषण

(c) बिहारीलाल

7. 'आकाशदीप' कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में व्यक्त लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) **5**

अथवा

'समय' कहानी का सारांश लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) **5**

8. स्वपठित नाटक के नायक का चरित्र–चित्रण लिखिए। (शब्द सीमा 80 शब्द) **5**

अथवा

स्वपठित नाटक के 'द्वितीय अंक' का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

खण्ड–'ख'

9. (क) दिये संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का ससंदर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– $\mathbf{2+5=7}$

अद्यापि 'कुलूघाटी' इति नाम्ना प्रसिद्धोऽयं प्रदेशः रमणीयतया केषां मनो न हरति। शिमला–देहरादून–मंसूरी–नैनीताल प्रभृतीनि नगराणि देशस्य सम्पन्नान् जनान् ग्रीष्मर्तौ बलादिव भ्रमणाय आकर्षन्ति। एभ्योऽपि पूर्वस्मिन् भागेऽवस्थितः रमणीयतमः प्रदेशः कामरूप तया 'कामरूप' इति संज्ञाया अभिधीयते।

अथवा

भारतस्य स्वतन्त्रतान्दोलनस्य इदं नगरम् प्रधानकेन्द्रम् आसीत्। श्री मोतीलालनेहरू, महामना मदनमोहनमालवीय, आज़ादोपनामकश्चन्द्रशेखरः अन्ये च स्वतन्त्रतासंग्राम सैनिकाः अस्यामेव पावनभूमौ उषित्वा आन्दोलनस्य सञ्चालनम् अकुर्वन्। राष्ट्रनायकस्य पण्डित जवाहरलालस्य इस क्रीड़ास्थली कर्मभूमिश्च।

(ख) दिये गये संस्कृत पद्यांशों में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए– $\mathbf{2+5=7}$

य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते॥

अथवा

ये नास्तिका निष्क्रियश्च गुरुशास्त्रातिलङ्घिनः।
अधर्मज्ञा दुराचारास्ते भवन्ति गतायुषः॥

10. निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए– $\mathbf{1 + 1 = 2}$

(a) खून सफेद हो जाना

(b) एक आँख से देखना

(c) कंगाली में आटा गीला

(d) गागर में सागर भरना

11. (क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि–विच्छेद के सही–विकल्प का चयन कीजिए–

(i) 'स्वागतम्' का सन्धि–विच्छेद है– **1**

(अ) स्व + आगतम्
(अ) स्वा + गतम्
(अ) सु + आगतम्
(अ) दुआ + गतम्

(ii) 'विष्णवे' का सन्धि–विच्छेद है– **1**

(अ) विष्णु + वे
(अ) विष्णु + ए
(अ) विष्णो + ए
(अ) विष्णु + + ए

(iii) 'सुरेन्द्रः' का सन्धि–विच्छेद है– **1**

(अ) सुरा + इन्द्रः
(अ) सुर + इन्द्रः
(अ) सुरे + न्द्रः
(अ) सुर + इन्द्रः

(ख) निम्नलिखित शब्दों की विभक्ति और वचन के अनुसार सही चयन कीजिए– **1**

(i) सरिति – **1**

(अ) द्वितीया बहुवचन
(अ) सप्तमी, एकवचन
(अ) चतुर्थी द्विवचन
(अ) प्रथमा, एकवचन

(ii) 'नाम्नाम्' रूप है–

P.T.O.

(अ) द्वितीया, एकवचन
(ब) षष्ठी–एकवचन
(स) प्रथमा, बहुवचन
(द) तृतीया, द्विवचन

12. (क) निम्नलिखित शब्द–युग्मों में से किसी एक शब्द–युग्म का सही अर्थ चुनकर लिखिए–

(i) जलद–जलधि : **1**

(अ) कमल और समुद्र
(अ) बादल और समुद्र
(अ) सिन्धु और आकाश
(अ) जलना और जो जला न हो।

(ii) शर–सर : **1**

(अ) सिया और मस्तक
(अ) बाण और तालाब
(अ) सिर और महोदय
(अ) तालाब और सिर

(ख) शब्दों के विभिन्न अर्थों पर विचार करते हुए सही उत्तर का चयनकर उत्तर दीजिए–

(i) 'पद' कहते हैं– **1**

(अ) स्थान को
(अ) छन्द के चरण को
(अ) गीत को
(अ) इन सभी को

(ii) 'करि' शब्द के सही अर्थ को चुनकर लिखिए– **1**

(अ) हाथी
(अ) सूँडवाला
(अ) करने वाला
(अ) चोर

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द का चयन कर लिखिए–

(i) किसी मत या नेता का अनुसरण करने वाला– **1**

(अ) अनुयायी
(अ) अनुसरण
(अ) अनुगामी

(अ) अनुसरणी

(ii) जो जीव चार पैरों वाला हो– **1**

(अ) चतुष्पैर
(अ) चारपाई
(अ) चौपाया
(अ) चौराहा

(घ) सही उत्तर विकल्प का चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(i) शुद्ध वाक्य है– **1**

(अ) यह काम चार आदमियों का है
(अ) यह चार आदमियों का काम है
(अ) यह काम चार आदमी का है
(अ) यह चार आदमी का काम है।

(ii) 'आपका स्वाथ्य कैसा है?' में रेखांकित का शुद्ध रूप होगा– **1**

(अ) स्वस्थ
(अ) स्वास्थ्य
(अ) स्वास्थ
(अ) इनमें से कोई नहीं

13. (क) 'वीर रस' अथवा 'करुण रस' के स्थायी भाव के साथ उसकी परिभाषा अथवा उदाहरण लिखिए। **2**
(□) 'रूपक' अथवा 'श्लेष' अलंकार का लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। **2**
(ग) 'रोला' अथवा 'सोरठा' छन्द का मात्रा सहित लक्षण अथवा उदाहरण लिखिए। **2**
14. किसी विद्यालय के प्रबन्ध के नाम लिपिक पद हेतु अपनी नियुक्ति के लिए आवेदन–पत्र लिखिए। $2+4=6$

अथवा

मतदान में हुई गड़बड़ी के सम्बन्ध में 'जिला निर्वाचन अधिकारी' को शिकायती पत्र लिखिए।
15. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषा–शैली में निबन्ध लिखिए– $2+7=9$

(क) भ्रष्टाचार उन्मूलन : एक बड़ी समस्या

(क) विज्ञान: वरदान है या अभिशाप

(क) भारतीय समाज में नारी की स्थिति

(क) शिक्षा में खेलकूद का स्थान।

✠ ✠ ✠ ✠ ✠